**सेवा में,**

जनसूचना अधिकारी,
लखनऊ विकास प्राधिकरण (LDA),
एलडीए कार्यालय परिसर,
विपिन खंड, गोमती नगर,
लखनऊ - 226010, उत्तर प्रदेश।

**विषय:** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(1) के अंतर्गत "जुरासिक पार्क" के उद्घाटन से अब तक दिनांक-वार आगंतुक संख्या, राजस्व अभिलेख, संचालक विवरण एवं अनुपालन दस्तावेजों से संबंधित सूचना हेतु आवेदन।

**महोदय/महोदया,**

मैं, निम्नहस्ताक्षरी, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(1) के अंतर्गत जनस्वार्थ में जनश्वर मिश्र पार्क, लखनऊ में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा स्थापित एवं संचालित "जुरासिक पार्क" से संबंधित निम्नलिखित सूचनाएँ प्राप्त करना चाहता/चाहती हूँ।

**<u>मांगी गई सूचनाएँ</u>**

**A. आगंतुक (फुटफॉल) अभिलेख**

1. कृपया "जुरासिक पार्क" के उद्घाटन/आरंभ की तिथि से लेकर इस सूचना की आपूर्ति की तिथि तक आगंतुकों की दिनांक-वार संख्या उपलब्ध कराएँ।
2. यदि अभिलेखों में उपलब्ध हो, तो प्रत्येक तिथि के लिए श्रेणी-वार विवरण (वयस्क/बच्चे/छात्र/वरिष्ठ नागरिक/अन्य श्रेणियाँ) प्रदान करें।
3. यह स्पष्ट करें कि आगंतुकों की गणना टिकट बिक्री, बायोमेट्रिक एंट्री, टर्नस्टाइल काउंटर अथवा मैनुअल रजिस्टर के माध्यम से की जाती है।

**B. राजस्व अभिलेख**

4. कृपया पार्क के उद्घाटन से अब तक दिनांक-वार संकलित राजस्व का विवरण उपलब्ध कराएँ, जिसमें शामिल हों;
   - टिकट/प्रवेश शुल्क से प्राप्त राजस्व
   - मर्चेंडाइज़ अथवा सहायक बिक्री (यदि कोई हो)
   - कोई अतिरिक्त शुल्क (शो, राइड्स, गतिविधियाँ आदि)

5. कृपया संचालक द्वारा प्राधिकरण को प्रस्तुत ऑडिटेड अथवा प्रबंधन-प्रमाणित मासिक राजस्व विवरणों की प्रतियाँ उपलब्ध कराएँ।

**C. संचालक / संविदात्मक विवरण**

6. "जुरासिक पार्क" के विकास, संचालन अथवा अनुरक्षण हेतु उत्तरदायी संस्था के साथ निष्पादित **कन्सेशन एग्रीमेंट / O&M एग्रीमेंट / अनुबंध** की प्रमाणित प्रति प्रदान करें।
7. सफल बोलीदाता/संचालक द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियाँ उपलब्ध कराएँ–
    - निगमण/पंजीकरण प्रमाण-पत्र
    - तकनीकी एवं वित्तीय पात्रता से संबंधित दस्तावेज
    - अनुभव प्रमाण-पत्र
    - टर्नओवर प्रमाण-पत्र
    - पावर ऑफ अटॉर्नी
    - कंसोर्टियम/संयुक्त उद्यम समझौते (यदि लागू हो)
8. कन्सेशन अवधि, राजस्व-साझेदारी मॉडल, न्यूनतम गारंटीड राजस्व (MGR), रॉयल्टी, लीज भुगतान अथवा संचालक पर आरोपित किसी भी वित्तीय दायित्व का विवरण प्रदान करें।
9. संचालक को जारी **लेटर ऑफ अवॉर्ड (LOA)** की प्रति, साथ ही शर्तें (Conditions Precedent) एवं परियोजना के कमीशनिंग हेतु समय-सीमाएँ प्रदान करें।

**D. अनुपालन, ऑडिट एवं निगरानी**

10. प्राधिकरण द्वारा संचालन, सुरक्षा उपायों एवं अनुरक्षण मानकों के संबंध में किए गए निरीक्षण प्रतिवेदन, अनुपालन प्रतिवेदन अथवा ऑडिट प्रतिवेदन (आंतरिक या तृतीय-पक्ष) की प्रतियाँ प्रदान करें।
11. यदि कोई हो, तो गैर-अनुपालन के कारण संचालक को जारी नोटिस, कारण बताओ नोटिस, दंड आदेश अथवा चेतावनियों की प्रतियाँ उपलब्ध कराएँ।
12. पार्क के संचालन एवं अनुरक्षण से संबंधित प्राधिकरण एवं संचालक के बीच आयोजित समीक्षा बैठकों की कार्यवृत्त (Minutes) की प्रतियाँ प्रदान करें।

**E. वैधानिक एवं पर्यावरणीय स्वीकृतियाँ**

13. पार्क की स्थापना एवं संचालन हेतु प्राप्त सभी स्वीकृतियों, अनापत्ति प्रमाण-पत्रों (NOC) एवं अनुमतियों की प्रतियाँ उपलब्ध कराएँ, जिनमें शामिल हों–

- पर्यावरणीय स्वीकृतियाँ
- संरचनात्मक सुरक्षा प्रमाण-पत्र
- अग्नि सुरक्षा NOC
- सार्वजनिक मनोरंजन सुरक्षा से संबंधित अनुमोदन

14. उपर्युक्त प्रमाण-पत्रों की नवीनीकरण स्थिति एवं वैधता अवधि का विवरण प्रदान करें।

**आवेदन विवरण**

[redacted]